सत्यमेव जयते

CONSULATE GENERAL OF INDIA
ERBIL
प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय कौंसलावास अर्बिल में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

भारतीय कौंसलावास परिसर में आज़ादी के अमृत महोत्सव काल के अंतर्गत आज इर्बिल में विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी , 2024 के दिन हर्षोल्लास से समारोह मनाया गया |

2. विश्व हिंदी दिवस समारोह में भारतीय प्रवासी नागरिकों, अप्रवासी भारतीयों तथा भारतीय मूल के नागरिकों के साथ-साथ इराक़ के कुर्दिस्तान के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सपरिवार भाग लिया | समारोह में स्थानीय अर्बिल के निवासियों के अलावे दुसरे प्रांत के शहर दुहोक से आकर स्थानीय लोगों ने समारोह में भाग लिया | इस अवसर पर समारोह में शिरकत करने वाले सभी लोगों से चित्रपट्टिका पर हिंदी में स्वनाम का लेखन कराया गया | कुछ कुर्दिस्तान के लोगों ने मंच पर हिंदी में बॉलीवुड के लोकप्रिय गीत गाए | प्रवासी भारतीय बच्चों ने लोकप्रिय भजन भी गाए | कुर्दिस्तान के कुछ लोग जो कि पुर्व में भारत गए थे और कुछ वर्ष रहकर भारत में विश्वविद्यालय या विभिन्न संस्थानों में रहकर अध्ययन किये थे, भारत के और भारत में रहने के दौरान अपने अनुभव साझा किये | हिंदी और कुर्दिश भाषा की समानता जिसमें दोनों भाषाओं के चंद प्रचलित शब्दों का तुलनात्मक प्रस्तुति प्रदर्शित की गयी जिसका लोगों ने उच्चारित करते हुए हामी भरी |

3. विश्व हिंदी समारोह का शुभारम्भ समारोह में पधारे गण्य मान्य प्रभुद्ध जनों और हिंदी भाषा के अनुरागियों का चांसरी प्रमुख के स्वागत सम्बोधन से हुआ | हिंदी दिवस मनाए जाने की शुरुआत और इसकी महत्ता को भी बताया गया | 1975 में प्रथम विश्व हिंदी सम्मलेन नागपुर में हुआ था |इसके बाद लगातार विश्व के विभिन्न शहरों में आयोजित हुए विश्व हिंदी सम्मेंलनों में हिंदी का विश्व में प्रचार-प्रसार और जागरूकता फैलाने के लिए मारीशस में 2008 में विश्व हिंदी सचिवालय की स्थापना हुई | विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर प्रधान कॉन्सल ने सभी हिंदी प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए सभी आगंतुकों और अतिथियों को आज 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनायें दीं और कार्यक्रम में शिरकत करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए वधाईयां दीं| उन्होंने अपने उदबोधन में बताया कि हिंदी भारत की सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा है , और साथ ही विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली चीनी मंदारिन और अंग्रेजी के बाद तीसरी भाषा है | उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी के आधिकारिक प्रयोग पर बल देते हुए हिंदी को प्रचारित, प्रसारित तथा स्थापित करने में अपना यथासंभव योगदान देने का आवाह्न भी किया | इस अवसर पर प्रधान कॉन्सल ने माननीय प्रधानमंत्री के विश्व हिंदी दिवस समारोह पर प्रेषित संदेश का वाचन भी किया |

4. कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ और अतिथियों को रात्रि जलपान कराकर विदा किया गया | प्रधान कॉन्सल ने समारोह में प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप भारत-कुर्दिस्तान ध्वज चिन्हों से युक्त कॉफ़ी मग वितरित किये |

अर्बिल
10 जनवरी , 2024

House No 1010, Dream City, Erbil-44001, Iraq, Email Id: hoc.erbil@mea.gov.in